

# विदाई से पहले मानसून हुआ मेहरबान

## बादलों की गरज के साथ तेज बारिश

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 05 अक्टूबर. अक्टूबर की शुरुआत में ही प्रदेश में मानसून एक बार फिर मेहरबान हो गया. रविवार को भोपाल सहित 15 से अधिक जिलों में झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक और नमी घुल गई.**

शहर में करीब आधा इंच तक वर्षा दर्ज की गई. सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर 3 बजे के बाद शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो गई. कोलार, एमपी नगर, अशोका गार्डन और जहांगीराबाद जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई,



शाम 6 बजकर 30 मिनट में इतनी जोरदार बारिश हुई की एमपी नगर की मुख्य सड़के जलमग्न हो गई और भारी जाम नजर आया जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें आई. कुछ स्थानों पर बिजली चली गई जिससे लोग परेशान भी हुए. बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने ठंडी हवाओं का आनंद लिया. मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी मध्यप्रदेश में एक लो-प्रेशर एरिया सक्रिय है, जो लगातार बादल और वर्षा का कारण बना हुआ है. इसका असर आगामी एक-दो दिनों तक और देखने को मिल सकता है.

# खराब सड़कों से आम नागरिक परेशान

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 05 अक्टूबर. नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा अब आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है. निगम ने करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा.**

वार्ड क्रमांक 19 की सड़कों की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है. जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कें न केवल वाहनों की रफ्तार रोक रही हैं, बल्कि हादसों को भी न्योता दे रही हैं. लक्ष्मी टॉकीज के पास बनी सड़क की स्थिति सबसे खराब है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना



करना पड़ता है. कई बार तो वाहन फिसल जाने से लोग घायल भी हो रहे हैं. वहीं पैदल चलने वालों की हालत और भी खराब है.

## सड़क हादसे में सुपरवाइजर की मौत

**भोपाल.** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई. अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी जान चली गई. शव का पीएम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया. पुलिस जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कमलेश यादव उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है. कमलेश मूलत: रीवा जिले का रहने वाला था. भोपाल में वह खजूरी क्षेत्र में रहते हुए सुपरवाइजर का काम करता था. रविवार की सुबह वह अपनी बाइक से होटल पर नाश्ता करने के लिए पहुंचा था.

# गोमांस तस्करी का आरोपी रिमांड पर

## पूछताछ में नेटवर्क का हो सकता है भंडाफोड़

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 4 अक्टूबर. राजधानी में गोमांस तस्करी करने वाले आरोपी इनोवा ड्राइवर को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है. हबीबगंज पुलिस अब आरोपी ड्राइवर रघुवीर के जरिए इस तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करने की तैयार की है.**

रघुवीर ने अब तक की पुलिस पूछताछ में यह स्वीकार किया है कि गोमांस से भरी इनोवा कार को वह खुद चला रहा था, उसने कार के मलिक को इटारसी का रहने वाला बताया है. रघुवीर खानूगांव इलाके का रहने वाला था. शनिवार

> ▸ खानूगांव इलाके का रहने वाला है आरोपी

की सुबह जब वह मंडीदीप से एमपी नगर की तरफ जा रहा था. इसी दौरान बजरंग दल ने उसे कार समेत पकड़ा था. आरोपी ड्राइवर को हबीबगंज पुलिस ने शनिवार को दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद उसे पुलिस रिमांड़ पर भेजा गया.

जानकारी के अनुसार पुलिस अब रघुवीर के जरिए इस पूरे नेटवर्क को धव्स्त करने की तैयार कर रह है. आरोपी से फिलहाल पुलिस की पूछताछ जारी है. बता दें कि शनिवार को तड़के करीब 4 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोमांस से भरी कार को 10 नंबर इलाके में पकड़ा. अपने पीछे आ रहे वाहन को बिना साइड दिए वाहन चालक रफ्तार में आगे बढ़ रहा था. कार्यकर्ताओं ने आरोपी का पीछा करते हुए पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले भी कर दिया गया. बजरंग दल भोपाल के जिला मंत्री मोहित सोनी सहित कार्यकर्ताओं ने अनुमति लेते हुए गोमांस को दफना दिया, जिस कार से गौमांस की तस्करी की जा रही थी, पुलिस ने उसे जब्त किया है.

# संस्था को कब्जाने के मामले में पुलिस से शिकायत

## सदस्यों ने की कार्रवाई करने की मांग

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 4 अक्टूबर. गोविंदपुरा क्षेत्र में संचालित एक फर्म और सोसाइटी की संस्था को हथियाने के मामले में पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई. संस्था के अध्यक्ष परितोष नंदी के साथ अन्य सदस्यों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.**

हबीबगंज कल्याण एसोसिएशन के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि जो लोग सदस्य भी नहीं है, वह षडयंत्र पूर्वक संस्था पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं. एचएसए संस्था के अध्यक्ष परितोष नंदी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से असामाजिक तत्व



के लोगों ने बल पूर्वक और धमकी देकर संस्था के ऊपर कब्ज़ा करने की कोशिश की, जिसकी सूचना पूर्व में में भी लिखित रूप से थाने में दी जा चुकी है.

उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों का प्रतिनिधित्व गौतम सरदार, दीपेन हालदार और उनके साथीगण कर रहे हैं, जो की इस क्लब के सदस्य भी नहीं है. इन

> **इनका कहना है**
>
> एचएसए संस्था को कब्जाने का मामला आया है. शिकायत आने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों को थाने बुलाया गया है. सत्यता पाए जाने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.
>
> **– अवधेश सिंह तोमर,** थाना प्रभारी, गोविंदपुरा

लोगों ने उन्माद, मारपीट करते हुए संस्था के प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी को जान से मारने की धमकी भी दी है. नंदी ने बताया कि उन लोगों ने साथ में यह भी धमकी दी है कि प्रेसीडेंट ने अगर अपने पद से तुरंत त्याग पत्र नहीं दिया, तो स्थिति बहुत गंभीर होगी.

# नवंबर में मिलेगा नया यूथ प्रदेश अध्यक्ष

**भोपाल, 05 अक्टूबर. मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस को नवंबर तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने की संभावना है. संगठन चुनाव की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है.**

जून-जुलाई 2025 में चले सदस्यता एवं वोटिंग अभियान के बाद जमा हुए करीब 15 लाख ऑनलाइन फॉर्मों की जांच (स्क्रूटनी) लगभग पूरी हो चुकी है. सूत्रों के अनुसार, अब तक 4.5 लाख फॉर्म बिना किसी त्रुटि के स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 5 लाख फॉर्मों में मामूली गलतियाँ पाई गई हैं. इन आवेदनों को सुधारने के लिए युवाओं को 10 दिन का समय दिया जाएगा.

## 15 लाख फॉर्मों की जांच अंतिम चरण में, पारदर्शी डिजिटल प्रक्रिया से चयन

संबंधित युवाओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर त्रुटियों की सूचना भेजी जाएगी, ताकि वे ऑनलाइन संशोधन कर सकें. वहीं, 5.5 लाख फॉर्म स्क्रूटनी के दौरान रिजेक्ट कर दिए गए हैं, जिनमें से 50 हजार फॉर्म ऐसे थे जिनमें सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया गया था. इस अभियान में सबसे अधिक सदस्यता उज्जैन जिले से दर्ज हुई है, जहाँ 74,000 से अधिक युवाओं ने यूथ कांग्रेस से जुड़ाव दिखाया.

> **दिल्ली में होगा इंटरव्यू, नवंबर में परिणाम संभावित**
>
> प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 18 उम्मीदवार और महासचिव पद के लिए 182 उम्मीदवार मैदान में हैं. स्क्रूटनी के बाद शीर्ष तीन प्रत्याशियों को दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा. इसके बाद नवंबर में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि यह देश की सबसे पारदर्शी संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया है.

# कफ सिरप त्रासदी पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल- मध्यप्रदेश कांग्रेस ने प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को भोपाल में छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से हुई एक दर्जन मासूम बच्चों की मौत के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासनिक हत्या को प्रतीकात्मक रूप से दिखाने के लिए 12 खिलौना बच्चों को भाजपा के गमछे से फांसी लगाई. कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर जहरीली कफ सिरप की बोतलों के पोस्टर और स्वास्थ्य मंत्री




> कांग्रेस नेताओं प्रकाश चौकसे, अक्षय तोमर और वीरेन्द्र मिश्रा ने भाजपा सरकार को बच्चों की मौतों का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस का यह आंदोलन जारी रहेगा.

राजेंद्र शुक्ला इस्तीफा दो लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते रहे.

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है. उन्होंने उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रमुख सचिव संदीप यादव, ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य और डिप्टी ड्रग कंट्रोलर शोभित कोस्टा के तत्काल इस्तीफे की मांग की.

## 7500 पदों पर निकली सरकारी भर्ती

**भोपाल.** मध्य प्रदेश में युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा अवसर आ गया है। एमपी कर्मचारी चयन बोर्ड ने मध्य प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती 2025 के लिए नई रूल बुक जारी की है। इसके तहत प्रदेश भर में 7500 सिपाही पदों पर भर्ती की जाएगी। उम्मीदवार इन पदों के लिए 15 सितंबर से आवेदन कर सकते हैं। रूलबुक के अनुसार, परीक्षा प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी और यह दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार एमपी कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# यादगार शाम में बरसात के बीच गूंजे सुरों के तराने



## गीतों के कारवां ने बांधा समां

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 5 अक्टूबर. तरंग म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागार में आयोजित गीतों का कारवां कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम साबित हुआ.**

> ▸ **सुर भरी शाम को यादगार बनाया**
>
> सह आयोजक प्रदीप शर्मा ने दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा गीत गाकर सभागार को भावुक कर दिया और दर्शकों की वन्स मोर की मांग से माहौल उत्साहपूर्ण हो उठा. समापन परवेज खान और इशाक अली की संयुक्त प्रस्तुति सात अजूबे इस दुनिया में से हुआ जिसने इस सुरभरी शाम को यादगार बना दिया.

आयोजन के प्रमुख इशाक अली और सह आयोजक प्रदीप शर्मा ने मिलकर इस सुरमयी संध्या को शानदार रूप दिया। कार्यक्रम में वॉइस ऑफ रफी परवेज खान, ए के श्रीवास्तव, ब्लेसी, एंकर राजा यादव और भोपाल के कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। भारी बरसात के बावजूद श्रोताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने आयोजन की सफलता की कहानी खुद बयां की। परवेज खान ने जब जाने बहार हुस्न तेरा बेमिसाल है गाया तो तालियों की गूंज से पूरा सभागार झूम उठा। इसके बाद इशाक अली और दिव्यांका पांडे ने घटा छा रही है प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शराब पीने और पिलाने वालों पर पुलिस का एक्शन

**भोपाल, 5 अक्टूबर. थाना खजूरी ने अवैध रूप से शराब पीने और पिलाने वाले रेस्टोरेंट और रिसोर्ट पर कार्रवाई की है.**

थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में मोक्ष क्लब, क्लब कवाना और वायु रिसोर्ट में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी, जिनसे शराब पिलाने का लायसेंस और वैध कागजात मांगे गए. क्लब संचालकों ने इसके वैध लायसेंस भी प्रस्तुत नहीं किए. पुलिस ने इसके बाद अवैध शराब पीने वाले और रिसोर्ट संचालक पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई

> ▸ रेस्टोरेंट संचालकों के पास नहीं मिला लायसेंस

की. कुल 4 ग्राहकों और 3 क्लब, रिसोर्ट संचालकों को आरोपी बनाते हुए धारा 36 ए, 36 बी आबकारी अधिनियम के 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए.

सभी को हिदायत की गई कि किसी भी प्रकार से अवैध रूप से शराब बेचना, पीना, पिलाना व अन्य किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां रिसोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट पर पाई गई तो, इसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.




# मेट्रो स्टेशन के पास नहीं है पार्किंग की व्यवस्था

**भोपाल. राजधानी में मेट्रो का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक वाया साकेत नगर और एम्स के बीच अक्टूबर में मेट्रो संचालन शुरू किया जाना है.**

शहरवासी इस ऐतिहासिक सफर को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन स्टेशन के आसपास पार्किंग की सुविधा न होने से लोगों में निराशा भी है . दरअसल, मेट्रो प्रबंधन पिछले छह महीनों से प्रत्येक स्टेशन के पास 500 मीटर के दायरे में पार्किंग के लिए उपयुक्त जमीन तलाश रहा है, लेकिन अब तक किसी जगह पर सहमति नहीं बन पाई है . मेट्रो प्रबंधन ने शुरुआत में मल्टी माडल इंटीग्रेशन सिस्टम के तहत पार्किंग और अन्य परिवहन साधनों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का वादा किया था, पर यह योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं निकल सकी है. इंदौर मेट्रो की तरह भोपाल में भी यह बड़ी चुनौती बनती दिख रही है . उधर, सीएमआरएस का एक निरीक्षण पूरा हो चुका है और दूसरा निरीक्षण जल्द होने की संभावना है . इसके बाद उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू होगी, लेकिन यात्रियों को सुविधाजनक पार्किंग की व्यवस्था के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा. हालांकि मेट्रो प्रबंधन के अधिकारी यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं कि जगह की उपलब्धता के हिसाब से पार्किंग डेवलप की जाएगी. इसके लिए जगह तलाश की जा रही है. जल्द ही पार्किंग विकसित की जाएगी.

> **यह थी पार्किंग को लेकर योजना**
>
> मेट्रो रेल कार्पोरेशन शहर के आठ प्रमुख स्टेशनों के आसपास 500 मीटर के दायरे में डेडिकेटेड पार्किंग स्पाट तैयार करने की योजना बनाई थी, जिससे लोग अपने निजी वाहन से आसानी से स्टेशन तक पहुंच सकें और फिर मेट्रो से मंजिल की ओर रवाना हो सके . दरअसल कंप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान के तहत शासन ने मेट्रो रेल कार्पोरेशन को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्टेशन के पास 500 मीटर के भीतर पार्किंग की व्यवस्था की जाए, लेकिन इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा.

**मांग** ▸ मजदूर की मौत के मामले में बिल्डर और ठेकेदार पर की कार्रवाई की मांग

# हिंदू संगठनों ने रामधुन के साथ किया प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 5 अक्टूबर. मिसरोद पुलिस थाने के सामने हिंदू संगठनों ने रामधुन के साथ रविवार को प्रदर्शन किया. क्षेत्र में नवनिर्मित एक बिल्डिंग से एक मजदूर के गिरने से हुई मौत के मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया है.**

मृतक के परिवार के साथ विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने होशंगाबाद रोड़ प्रदर्शन करते हुए दोपहर बाद जाम लगाया. प्रदर्शनकारियों ने मामले में दोषी बिल्डर और ठेकेदार के खिलाफ तत्काल सख्त




कार्रवाई की मांग पुलिस से की. प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डॉ. रजनीश कश्यप भी लोगों के बीच पहुंचे, जहां उन्होंने सभी आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर उचित कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाया जाएगा.आश्वासन मिलने के बाद रामधुन का शांतिपूर्ण समापन किया गया. प्रदर्शन रूकने के बाद वनवे का दोबारा से संचालित किया गया. बता दें कि इलाके में स्थित शीतल धाम के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई थी. मृतक मजदूर एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था.

> **पुलिसकर्मी पर लगाया आरोप**
>
> विश्व हिंदू परिषद के भोजपुर जिला अध्यक्ष मुकेश जोशी ने प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी पर दुव्यवहार का आरोप लगाया है. जोशी के साथ हुए इस दुव्यवहार को लेकर संगठन जिला महामंत्री सुरेंद्र कीर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है और चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे इससे बड़ा प्रदर्शन करेंगे. संगठन ने स्पष्ट किया कि गरीब मजदूर परिवार को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है और वे इसके लिए आंदोलन जारी रखेंगे.

## रिया की मौत की अब तक नहीं सुलझी गुत्थी

**भोपाल.** कोलार पुलिस ने नाबालिग बच्ची के मौत के मामले में लायसेंसी हथियार धारकों से पूछताछ करते हुए जांच को आगे बढ़ाया है. चौथी कक्षा की छात्रा रिया रजक की दुर्गा भंडारा कार्यक्रम के दौरान बुधवार को गोली लगने से मौत हो गई थी. रिया के कंधे पर छर्रा लगने की बात सामने आने के बाद पुलिस की जांच जारी है. जानकारी के अनुसार पुलिस रिया की मौत पर जांच करते हुए 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले शस्त्र लायसेंसी धारकों की सूची करते हुए उनसे पूछताछ कर रही है. माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही रिया की मौत की घटना पर खुलासा कर सकती है. उधर रिया की मौत से दुखी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.